समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

# दिवंगत अजित पवार की जयंती पर सुनेत्रा पवार हुईं भावुक, बोलीं- "आपका जन्मदिन अब जयंती के रूप मे मंनाते हुए दिल टूट जाता है"

Sanket Morankar Published on 22 Jul 2026



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री **अजित पवार** की जयंती के अवसर पर उनकी पत्नी तथा राज्य की उपमुख्यमंत्री **सुनेत्रा पवार** ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अजित पवार के साथ बिताए गए यादगार पलों की तस्वीरें साझा करते हुए अपने मन की भावनाएं व्यक्त कीं।

सुनेत्रा पवार ने अपनी पोस्ट में लिखा, "**आपका जन्मदिन आज जयंती के रूप मे मंनाते हुए मेरा दिल अंदर से टूट जाता है। आज भी इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना आसान नहीं है। वर्षों तक आपका जन्मदिन खुशी, उत्साह और गर्व के साथ मनाया, लेकिन आज यही दिन मनाते समय दिल भर आता है।**"

उन्होंने आगे लिखा कि जीवन के हर कठिन और महत्वपूर्ण मोड़ पर अजित पवार उनके साथ एक मजबूत सहारे की तरह खड़े रहे। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और विश्वास आज भी उन्हें हर पल महसूस होता है।

सुनेत्रा पवार ने कहा, "**भले ही आप आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं है, लेकिन आपके विचार, लोगों की सेवा के प्रति आपका समर्पण, आपका अनुशासन और आपका स्नेह मेरे हर सांस मे हंमेशा जीवित रहेगा।**"

अपने संदेश के अंत में उन्होंने लिखा, "**मेरे जीवनसाथी, आपकी पवित्र स्मृतियों को मेरा भावपूर्ण और श्रद्धापूर्ण नमन।**" इस भावुक संदेश के माध्यम से उन्होंने दिवंगत अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सुनेत्रा पवार की इस पोस्ट पर बड़ी संख्या में राजनीतिक नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है और लोग अजित पवार के व्यक्तित्व, उनके सार्वजनिक जीवन और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which

effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.